झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/01/24 – 04 रॉंची/दिनांकः 19/02/2024

पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024 [Polytechnic Entrance Competitive Examination – 2024] के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, रॉंची के पत्रांक–159 दिनांक–15.02.2024 के आलोक में झारखण्ड राज्य स्थित राजकीय पोलिटेकनिक (महिला सहित) संस्थानों, पी०पी०पी० मोड पर संचलित पोलिटेकनिक संस्थानों एवं गैर–राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड के अधीन संचालित Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre, Ranchi एवं Government Tool Room & Training Centre, Dumka में Tool & Die Making पाठ्यक्रम के शैक्षणिक वर्ष 2024–25 (प्रथम् सेमेस्टर/प्रथम् वर्ष) में प्रवेश हेतु वैसे योग्य आवेदक, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं तथा निम्नानुसार योग्यता की अहर्त्ता पूरी करते हैं, से ऑनलाईन आवेदन, कंडिका–3 में अंकित अंतिम तिथि तक आमंत्रित किया जाता है।

शैक्षणिक योग्यता – माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण
आयु सीमा – केवल खनन अभियंत्रण शाखा के लिए न्यूनतम आयु दिनांक 01.07.2024 तक 17 वर्ष। अन्य किसी भी शाखा हेतु अधिकतम एवं न्यूनतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

नोटः– शैक्षणिक वर्ष–2024 की अर्हक परीक्षा माध्यमिक/10वीं समकक्ष परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है परन्तु संस्थान में नामांकन के समय उन्हें उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2. प्रवेश परीक्षा/पाठ्यक्रम/अर्हत्ताएँ/शर्त्तो संबंधी अन्य सभी जानकारी हेतु पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Download कॉलम पर मार्ग निर्देशिका उपलब्ध है। ईच्छुक छात्र/छात्राओं को निदेशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने के पूर्व मार्ग–निर्देशिका का अध्ययन अवश्य कर लें।

3. **पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024 से संबंधित निर्धारित अवधि/तिथियाँ :–**

क्रम सं०	विवरणी	अभियुक्ति
1.	ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि	21.02.2024
2.	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि	21.03.2024
3.	ऑनलाईन प्रवेश–पत्र (Online Admit Card) पर्षद के वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि	परीक्षा से 4 दिन पूर्व
4.	परीक्षा की तिथि एवं समय	**07.04.2024 (रविवार) 10.30 AM to 1.00 PM**
5.	जिला मुख्यालय जहाँ प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी	रॉंची, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, दुमका, चाईबासा, बोकारो एवं पलामू
नोट :– अपरिहार्य कारणों से झारखण्ड सरकार या झा०सं०प्र०प्र०प० पर्षद निर्धारित तिथियों में परिवर्त्तन कर सकती है।		

Scanned with AnyScanner

4. परीक्षा शुल्क :–

क्रम सं0	कोटि	दर
1.	सामान्य (EWS (Economically Weaker Section) सहित)/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II	₹ 650/–*
2.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला	₹ 325/–*
3.	दिव्यांगजनों को परीक्षा/आवेदन शुल्क देय नहीं	——

* :- परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा। परीक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा।

5. **आवेदन करने का तरीका** :– पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click Here for All Online Application Submission- JCECEB 2024" पर Click कर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व पर्षद के बेवसाईट पर उपलब्ध मार्ग–निर्देशिका को अवश्य पढ़ लें।

6. **परीक्षा का प्रकार** : पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा OMR Based (Off line mode) में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय (Multiple Choice) प्रकार की होगी तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

7. **आरक्षण** : राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।

8. पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024 से संबंधित किसी जानकारी के लिये पर्षद के दूरभाष सं0 9264473893 एवं 9264473891 पर किसी भी कार्यालय दिवस में पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

19/02/2024

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक

Scanned with AnyScanner